# प्रादेशिक समाचार
## 18.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि बुधवार को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14 हजार 218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा।

******************

श्री कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 196 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।

******************

दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। आज झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजमहल में चुनावी सभा की और एनडीए की जीत का दावा किया।

******************

इधर, भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आज महेशपुर में रोड शो किया और लोगों से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील की। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी कोयलांचल में रोड शो और रैली करेंगे। इधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज झारखंड के दौरे पर आएंगे और रांची में संवाददाताओं से बातचीत करेंगे।

******************

झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने गांडेय विधान सभा क्षेत्र में रोड शो किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विषम परिस्थिति में भी हेमंत सोरेन सरकार ने बेहतर कार्य किया है।

******************

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संथाल में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में वोट की अपील करते हुए घुसपैठ को लेकर हेमंत सरकार पर जोरदार हमला बोला।

******************

झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपनी– अपनी जीत का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस बार महागठबंधन को पिछली बार से भी बड़ा जनादेश प्राप्त होगा।

******************

इधर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड में दो तिहाई से अधिक सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

********समाप्त********